## एक नजर में

### 16 ननि आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया

**भोपाल, 4 नवंबर.** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 16 नगर पालिक निगम आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया है. इस संबंध में आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश की 16 नगर पालिक निगम भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, सिंगरौली, सागर, उज्जैन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम, कटनी और छिंदवाड़ा के आयुक्त को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की अवधि के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है. झा ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य शुरू हो गया है. ऐसे में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाए गए नगर पालिक निगम के आयुक्त एसआईआर में सहयोग करेंगे.

### मंडी शुल्क की चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी

**भोपाल, 4 नवंबर.** फर्जी दस्तावेज के आधार पर कृषि उपज का क्रय-विक्रय कर मंडी शुल्क की चोरी करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी. प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड कुमार पुरुषोत्तम ने सभी आंचलिक अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों की जाँच कर दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं. प्रबंध संचालक पुरुषोत्तम ने निर्देश दिये कि कुछ व्यापारियों और परिवहनकर्ताओं द्वारा मंडी शुल्क की चोरी कर मूंगफली का क्रय-विक्रय किया जा रहा है. इसके लिये उनके द्वारा फर्जी दस्तावेज बिल, बिल्टी, अनुज्ञा-पत्र तैयार कर मंडी शुल्क की चोरी की गयी है. मंडी बोर्ड द्वारा इस तरह के क्रय-विक्रय पर नजर रखने के लिये उड़नदस्ते गठित किये थे, जिन्होंने ग्वालियर, चम्बल, सागर और जबलपुर संभाग में कर चोरी पकड़ी गयी है. उन्होंने निर्देश दिये हैं कि कृषि उपज के परिवहन के दौरान अनुज्ञा-पत्र पर दर्ज क्यूआर कोड का स्केन कर माल की प्राथमिकता चेकिंग की जाये.

# पूर्व सरपंच के घर में घुसकर डकैती

- 30 तोला सोना व ढाई लाख नकदी ले गए डकैत
- शाढ़ौरा के अटारी खैजरा में डकैती की बड़ी वारदात



**अशोकनगर, 04 नवंबर. शाढ़ौरा थाने के खैजरा अटारी गांव में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात बदमाशों ने गांव के पूर्व सरपंच के घर घुसकर डकैती की.**

चोरों ने पहले दंपति को बेरहमी से पीटा और उनके हाथ-पैर बांध दिए. इसके बाद घर में रखे 30 तोला सोने के जेवर और ढाई लाख रुपये नकद सहित कीमती सामान लेकर फरार हो गए. हमले में पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह यादव बुरी तरह घायल हो गए हैं, उनका चेहरा लहूलुहान हो गया है. घायल महेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी लोगों एवं डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी. पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची. शाढ़ौरा थाना प्रभारी सुनील सिकरवार ने बताया कि एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच जारी है.

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना देर रात करीब 1:30 बजे के आसपास की है. लगभग 5 से 6 नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते घर के जीने से नीचे उतरे. उन्होंने सबसे पहले बरामदे में सो रहे महेंद्र सिंह यादव और उनकी पत्नी पर हमला किया. बदमाशों ने दंपति के मुंह में कपड़े ठूस दिए, जिससे वे शोर न मचा सके. इसके बाद उनके हाथ और पैर बांधकर उन्हें बुरी तरह पीटा.

**घर का सामान भी ले गए**

पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने दीपावली पूजन के लिए बैंक से रकम निकाली थी. घर में लगभग 30 तोला सोना और करीब ढाई लाख रुपये नकद रखे हुए थे. चोरों ने पूरे घर को तहस-नहस कर दिया और नकदी-जेवर के अलावा घी, इंडक्शन और अन्य सामान भी चुरा लिया.

# सीएम ने क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति से की चर्चा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईसीसी महिला क्रिकेट-2025 विश्व विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी और मध्यप्रदेश की गौरव सुश्री क्रांति गौड़ से वीडियो कॉल पर चर्चा की और अभूतपूर्व जीत की बधाई दी. वर्ल्ड कप के विभिन्न मैचों में छतरपुर की बेटी क्रांति गौड़ ने सटीक और धारदार गेंदबाजी से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं और खिलाड़ियों के साथ खड़ी है.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की बेटियों ने वन-डे विश्व कप जीत कर इतिहास रच दिया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के मैदान में नई क्रांति का सूत्रपात किया है.

पूरे देश और प्रदेशवासियों को विश्व विजेता बनीं बेटियों पर गर्व है. इस उपलब्धि में प्रदेश की बेटी की महत्वपूर्ण भूमिका से इस जीत का आनंद और बढ़ जाता है. क्रिकेट में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाली क्रांति गौड़ को जल्द ही एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की उभरती क्रिकेट स्टार क्रांति गौड़ के खेल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपनी लगन और परिश्रम से बेटियां निरंतर आगे बढ़ती रहें और प्रदेश का नाम रोशन करें.

# नवाचारों को जनता तक पहुंचाने की जरूरत

- समीक्षा बैठक में मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 नवंबर. स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने करीब पिछले 2 सालों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के साथ अनेक नचावार भी किये हैं.**

उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनता तक पहुंचाये जाने की जरूरत है. मंत्री सिंह मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय उपलब्धियों की समीक्षा कर रहे थे.मंत्री ने विभाग की योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की. उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि सरकारी स्कूलों के विकास में जनता का अधिक से अधिक सहयोग मिले, इसके लिये और प्रभावी तरीके से प्रयास किये जायेंगे. बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने विभाग में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी.

# शराब की खेप के साथ दो युवतियां पकड़ी गईं

**कटनी, 4 नवंबर.** मध्यप्रदेश के कटनी से खरीदी गई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ रीवा की दो युवतियों को एक रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है. रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम ने मझगवां स्टेशन पर छापेमारी कर दोनों युवतियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 175 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 36 हजार 750 रुपए बताई गई है.

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम ने राजस्थान के सोगरिया से बिहार के दानापुर जा रही एक स्पेशल ट्रेन के एसी-2 कोच में जांच की. जांच के दौरान बर्थ नंबर 8 और 9 पर बैठी दो युवतियों के बैग से शराब की बोतलें मिलीं. पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि शराब की यह खेप कटनी से खरीदी गई थी.

# टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन होगा पेश

- मप्र टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 13 को इंदौर में

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 13 नवंबर को आयोजित होने वाला मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनायेगा.**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किये जा रहे इस आयोजन से राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय की जाएगी. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके. कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन भी प्रस्तुत किया जायेगा. इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव के प्रतिभागी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे. कॉन्क्लेव की थीम पॉवरिंग टियर-2, प्रोपेलिंग इंडिया रखी गई है. कॉन्क्लेव 2.0 का उद्देश्य राज्य के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के माध्यम से नई गति लाना है. कॉनक्लेव की थीम इस तथ्य को रेखांकित करेगी कि भारत की विकास यात्रा में अब टियर-2 शहर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं. मध्यप्रदेश इस परिवर्तन का केंद्र बन रहा है. इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहर तेजी से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और उद्यमिता के नए हब के रूप में उभर रहे हैं. टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0, नीति-निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख नेतृत्वकर्ता उद्यमियों का संगम होगा. कॉनक्लेव में इस बार 500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है. कॉन्क्लेव का शुभारंभ एमपी जीसीसी लीडरशिप कनेक्ट सत्र से होगा। इस सत्र में देशभर के 30 से अधिक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसीएस) के प्रतिनिधि भाग लेंगे. यह संवाद सत्र मध्यप्रदेश को पसंदीदा जीसीसी गंतव्य के रूप में स्थापित करने की रणनीति पर केंद्रित रहेगा. इस दौरान एमपी जीसीसी विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा, जो राज्य की दीर्घकालिक टेक्नोलॉजी रणनीति का आधार बनेगा. मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में ड्रोन राउंडटेबल का आयोजन भी होगा.

> सत्र में राज्य के ड्रोन ईकोसिस्टम, विनिर्माण अवसरों, सरकारी सेवाओं और औद्योगिक उपयोगों में ड्रोन तकनीक के विस्तार पर केंद्रित रहेगा. मुख्य सत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे संबोधित करेंगे. उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि जीसीसी, ड्रोन, एवीजीसी-एक्सआर, सेमीकंडक्टर, ईएसडीएम, स्पेसटेक, डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में निवेश और नवाचार की दिशा में अपने विचार साझा करेंगे. मुख्य सत्र में नई डिजिटल अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन, आईटी पार्कों और स्किल सेंटर्स की आधारशिला, नए निवेशकों को लेटर ऑफ अलॉटमेंट का वितरण और एमओयू व साझेदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किये जायेंगे. मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 से राज्य में तकनीकी निवेश और रोजगार सृजन को नई दिशा मिलेगी.

# बाजार के व्यवसाइयों ने अवैध अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर से की शिकायत

## सब्जी व्यापारी फुटपाथ पर तंबू लगाकर किया अतिक्रमण, रोज करते हैं विवाद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 नवम्बर। नगर पालिका निगम सिंगरौली क्षेत्र के पुरानी सब्जी मंडी बैढ़न में फुटकर सब्जी व्यापारियों के द्वारा फुटपाथ पर तंबू लगाकर अतिक्रमण कर सब्जी विक्रय कर रहे हैं, जिसके चलते स्थानीय व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है और आए दिन सब्जी व्यापारी वाद-विवाद करते हैं, इनके रवैये से क्षुब्ध होकर स्थानी व्यापारियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर फरियाद की है।**



कलेक्टर के जनसुनवाई में दिए शिकायती पत्र में व्यापारियों ने बताया कि नगर पालिका निगम सिंगरौली से दुकान क्रय कर दुकानदारी करके जीवन अपन करते आ रहे हैं, लेकिन दुकानों के सामने रोड पर ही फुटपाथ पर सब्जी वह अन्य प्रकार के लोग दुकान व तंबू लगाकर आवागमन अवरूद्ध कर दिया। जिससे दुकान तक ग्राहक नहीं पहुंच पाते हैं और आर्थिक क्षति हो रही है।

जब फुटपाथ दुकानदारों को बोला जाता है कि रोड पर दुकान और तंबू न लगाकर मंडी में दुकान लगाओ तो वह लोग झगड़ा विवाद करने को आतुर होते हैं और बोलते हैं कि हम लोग इसी तरह से दुकान लगाएंगे। तुम लोगों के पट्टे की जमीन नहीं है, जो करना हो कर लो। व्यापारियों ने बताया कि बीते दिन सोमवार को सुबह झगड़ा भी कर रहे थे। तब कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन कहा गया कि जब तक रिपोर्ट नहीं करोगे, तब तक कार्रवाई नहीं होगी। अगर इसी तरह का रवैया बना रहा तो कभी भी कोई गंभीर वारदात हो सकती है। व्यापारियों ने इसकी शिकायत कोतवाली बैढ़न में की है। वहीं आज दिन मंगलवार को कलेक्टर के यहां जनसुनवाई में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

# खाद एवं बीज विक्रय प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूने

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 नवम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश के परिपालन एवं उप संचालक कृषि मनोज सिंह के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के खाद एवं बीज की दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए गए।**



विभाग द्वारा खाद एवं बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में खाद एवं बीज के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लिए जाकर प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। साथ ही खाद एवं बीज विक्रय केन्द्रों को निर्देशित किया गया कि उच्च गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज कृषकों को उपलब्ध कराए। सभी कृषकों को उनके द्वारा खरीदे जा रहे खाद एवं बीज को निर्धारित मूल्य पर विक्रय सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर वैधानिक मापदण्ड अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।


**In The Court Of I Civil Judge Senior Division and Chief Judicial Magistrate, District Court, Singruali**

Presiding Officer: शिव चरण पटेल

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000015/2025)

संध्या वर्मा.........आवेदक Vs

हर आम खास...................अनावेदक

Process Id-/2025

पेशी दिनांक:-03/12/2025

प्रेषिती- (1) हर आम खास पता जिला सिंगरौली म.प्र. (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संध्या वर्मा पता ने मृतक पूरन लाल वर्मा निवासी सिंचाई कॉलोनी क्वाटर नम्बर की पी.जी.04, गनियारी, बैढ़न, थाना बैढ़न जिला-सिगरौली (म.प्र.)की 12,81,400/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 03 December 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 03 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

(शिव चरण पटेल)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड मुख्या. बैढ़न (म.प्र.)

टिप्पणी:-
छायाप्रति संलग्न

कृपया ध्यान दें:- 1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



**कार्यालय नगर परिषद चित्रकूट जिला सतना (म0प्र0)**

Phone:07670-265329

क्र./ न0प0/राजस्व. /3783/2025 — चित्रकूट दिनांक 29-10-25

**:: सार्वजनिक सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है बेवा श्री रामबहोरी गर्ग पिता स्व.श्री बाबूलाल गर्ग निवासी-निवास- कौशलपुर चौबेपुर वार्ड क्रमाक 14 चित्रकूट जिला-सतना (म0प्र0), के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर, निकाय में पूर्व से दर्ज भवन क्रमाक 171/14 वार्ड क्रमांक 14 में स्व.श्री बाबूलाल गर्ग पिता स्व.श्री बालभद्र गर्ग के नाम दर्ज भवन को अपने नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया गया है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस तक नगर परिषद् चित्रकूट, निकाय कार्यालय में अपना दावा / आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत कर सकते है।

नियत दिवस के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक
नगर परिषद चित्रकूट, जिला-सतना (म0प्र0)


# कंडोई कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार की ठगी

- नहीं नौकरी मिली और पैसा भी वापस नहीं हो रहा, कलेक्टर से फरियाद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 नवम्बर। एनसीएल में ओबी का काम कर रही कंडोई कंपनी में ड्यूटी लगवाने के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग दलाल के माध्यम से की गई थी। अब ना तो नौकरी मिली और नहीं पैसा वापस किया जा रहा है, जिससे परेशान होकर पीड़ित ने कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंचकर पैसा वापस दिलाए जाने की मांग की है।**

गोभा गांव निवासी रामानुज बैस पिता शिवनारायण बैस ने कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंचकर आवेदन देते हुए बताया कि कंडोई कंपनी में ड्यूटी लगवाने के लिए ओमप्रकाश जायसवाल पिता कन्हैया लाल जायसवाल निवासी माजन मोड़ ने 50 हजार रुपए फोन-पे के माध्यम से लिया था, लेकिन ड्यूटी नहीं दिलवाया। तब पीड़ित ने पैसा वापस मांगने लगा, तो उक्त व्यक्ति टाल मटोल कर रहा था और पैसा देने से मना कर दिया। तब पीड़ित विवश होकर कोतवाली बैढ़न में शिकायत किया था। जिसमें उक्त व्यक्ति फोन पर के माध्यम से 15 हजार रुपए 25 सितंबर 2024 को अनिल कुमार से दिलवाया था। लेकिन बकाया 35 हजार रुपए आज दिन तक नहीं दे रहा है। कई बार पैसा मांगने पर उसने अपने खाते एक्सिस बैंक शाखा सिंगरौली का चेक दिया था, लेकिन खाते में पैसा नहीं होने के चलते पीड़ित का पैसा नहीं मिल पाया। पीड़ित ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि तीन बार कोतवाली बैढ़न और एसपी के यहां शिकायत कर चुका हूँ, लेकिन आज दिन तक बकाया पैसा नहीं मिल रहा है। जिसके चलते पीड़ित कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

# कक्षा संचालन के साथ साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



नवभारत न्यूज

**देवसर 4 नवम्बर। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक एवं स्नाकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने 2 नवंबर को कक्षा संचालन के दौरान पठन-पाठन किया तथा सभी छात्र-छात्राओं को उनके आवंटित ग्राम में की जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया।**

साथ ही छात्र छात्राओं के द्वारा उनका प्रोफाइल सुधार, विषय चयन, नामों में हुए त्रुटियों का सुधार सहित प्रयोगशाला गांव का चयन कराया गया। वहीं कक्षा समापन के उपरांत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।

दरअसल उक्त पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम किए जाने के निर्देश जन अभियान परिषद द्वारा प्राप्त हैं, जिसके तारतम्य में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान प्रवीण सिंह, संदीप विश्वकर्मा, विमलेश शुक्ला, प्रियंका पांडेय, नेहा गुर्जर, प्रदीप प्रजापति, प्रभाकर सिंह, मो. शमी, ममता प्रजापति, पिंकी भुजवा, कुसुमी देवी साहू, रचना पाठक, प्रिया पाठक, साधना शुक्ला सहित अन्य छात्र/छात्रा मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर परिषद चित्रकूट जिला सतना (म0प्र0)**

Phone:07670-265329

क्र./ न0प0/राजस्व. /3784/2025 — चित्रकूट दिनांक 29-10-25

**:: सार्वजनिक सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है बेवा श्री विज्ञान स्वरुप पाण्डेय पिता श्री रामकृष्ण पाण्डेय निवासी- खेरिया पो0 बघेलाबारी तह0 नरैनी जिला बांदा (उ0प्र0), हाल निवास- चौबेपुर वार्ड क्रमाक 14 चित्रकूट जिला सतना (म0प्र0), के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निकाय में पूर्व से दर्ज भवन क्रमाक 153/14 वार्ड क्रमांक 14 में बेवा श्रीमती जमुना बाई त्रिपाठी पत्नी गया प्रसाद त्रिपाठी के नाम दर्ज भवन को अपने नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया गया है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस तक नगर परिषद् चित्रकूट, निकाय कार्यालय में अपना दावा / आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत कर सकते है।

नियत दिवस के पश्चाात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक
नगर परिषद चित्रकूट, जिला-सतना (म0प्र0)



**Singrauli Development Authority**

Office of District Collector, Collectorate Building, Majan Mod, Waidhan District Singrauli, PIN-486886

Email: ceosi.d.a.singrauli@gmail.com

NIT No.: 03/2025-26; RFP No: 770/EE/SDA — Date: November 4, 2025

NOTICE INVITING REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR DEVELOPMENT OF PRADHIKARAN PLAZA NEAR COLLECTOR OFFICE, WAIDHAN ON PPP MODE

Tender/RFP ID: 2025 DTCP 460612

The Singrauli Development Authority (SDA) invites Request for Proposals (RFPs) from eligible developers for the "Development of Pradhikaran Plaza near Collector Office, Waidhan, District Singrauli, Madhya Pradesh" on a Public-Private Partnership (PPP) Mode.

This RFP is being issued in pursuant to the Expression of Interest (EOI) process earlier conducted by SDA for the said project.

Only those applicants who were declared eligible under the EOI evaluation process and have made a formal project presentation before SDA shall be eligible to participate in this RFP. Each applicant must also enclose a Certificate of Project Presentation, issued by SDA as part of the EOI process for the proposed project, duly signed and authenticated by the competent authority, Proposals submitted without such a certificate shall be summarily rejected.

Interested and eligible applicants may submit their proposals as per the terms, conditions, and submission requirements detailed in the RFP Document, available on the official e-tender portal: https://mptenders gov.in

Last date of submission: Friday, 5 December 2025

SDA reserves the right to cancel, modify, or re-invite the RFP at any stage, with or without amendments, without incurring any liability obligation, and without assigning any reason whatsoever. SDA also reserves the right to accept or reject any or all proposals at its sole discretion.

-Sd-
Executive Engineer
Singrauli Development Authority



**कार्यालय नगर पालिक निगम, बुरहानपुर**

निविदा सूचना 2025-26

निविदा सूचना क्र./पी.डब्ल्यू.डी./2024-25/14 — बुरहानपुर, दिनांक : 30.10.2025

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाईन पोर्टल **https://mptenders.gov.in** टेंडर आमंत्रित किये जाते हैं। टेंडर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेंडर आईडी नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रु. लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_459852_1 | रूईकर वार्ड में न्यू इंदिरा कालोनी में शिववाटिका की सुरक्षा दीवार की बाउंड्रीवाल एवं बगीचा विकास कार्य। | 4 माह 21.19 लाख | 5,000/- 16,000/- | 06.12.2025 |
| 2. | 2025_UAD_459853_1 | स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत मिल एरियावार्ड में श्री संतोष पहलवान के घर के पास अधूरे शौचालय निर्माण को पूर्ण करने का कार्य। | 4 माह 16.72 लाख | 2,000/- 12,600/- | 06.12.2025 |
| 3. | 2025_UAD_459854_1 | श्री राम मंदिर चिंचाला में विभिन्न स्थानों पर पोल लगाने का कार्य। | 4 माह 11.80 लाख | 2,000/- 9,000/- | 06.12.2025 |
| 4. | 2025_UAD_459855_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत चिंचाला मुक्तिधाम में बने अपूर्ण शेड को पूर्ण करने का कार्य। | 4 माह 10.59 लाख | 2,000/- 8,000/- | 06.12.2025 |
| 5. | 2025_UAD_459856_1 | वार्ड नं. 07, तिलकवार्ड में सार्वजनिक शौचालय के सामने खुली भूमि की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। | 3 माह 8.38 लाख | 2,000/- 8,000/- | 20.11.2025 |
| 6. | 2025_UAD_459858_1 | वार्ड नं. 16 मालवीय वार्ड में सुलभ शौचालय के पास से नागझिरी घाट नाले तक नाली निर्माण कार्य। | 3 माह 7.98 लाख | 2,000/- 8,000/- | 20.11.2025 |
| 7. | 2025_UAD_459859_1 | वार्ड नं. 18 सरदार पटेल वार्डों के सरदार पटेल कालोनी में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 2 माह 3.95 लाख | 2,000/- 4,000/- | 20.11.2025 |
| 8. | 2025_UAD_459861_1 | वार्ड नं. 46 गांधी कालोनी उर्दू स्कूल के पास स्थित पार्क में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 2 माह 2.76 लाख | 2,000/- 2,800/- | 20.11.2025 |
| 9. | 2025_UAD_459862_1 | वार्ड नं. 08 अंबेडकर वार्ड झोनल वर्क विभिन्न स्थानों पर नाली क्रोसिंग पेंच वर्क एवं प्रीकास्ट कवर का कार्य। | 8 माह 2.54 लाख | 2,000/- 2,600/- | 20.11.2025 |
| 10. | 2025_UAD_460351_1 | वार्ड नं. 04 सिलमपुरा वार्ड झोनल वर्क विभिन्न स्थानों पर नाली क्रोसिंग पेंच वर्क एवं प्रीकास्ट कवर का कार्य। | 8 माह 2.54 लाख | 2,000/- 2,600/- | 20.11.2025 |
| 11. | 2025_UAD_460352_1 | शाह बाजार वार्ड में स्थित मूलभूत सेवा केन्द्र का मरम्मत कार्य। | 2 माह 1.36 लाख | 1,000/- 2,800/- | 20.11.2025 |
| 12. | 2025_UAD_460353_1 | वार्ड नं. 03 शिकारपुरा में शिकारपुरा गेट के पास पुलिस क्वार्टर वाले परिसर में स्थित मंदिर के पास पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 2 माह 1.00 लाख | 1,000/- 2,000/- | 20.11.2025 |
| 13. | 2025_UAD_460354_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत डाकवाडी में ओपन जीम निर्माण कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/- | 20.11.2025 |

ऑनलाईन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम, बुरहानपुर


# एनसीएल मुख्यालय में सीवीओ सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने दिया सतर्कता का मंत्र

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 नवम्बर। एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने एनसीएल मुख्यालय में सतर्कता व्याख्यान दिया।**



इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी बी साईराम, निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार, निदेशक रजनीश नारायण, निदेशक सुनील प्रसाद सिंह, आशुतोष द्विवेदी, अजय कुमार जायसवाल एवं विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। अपने उद्बोधन के दौरान ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस वर्ष का सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी यह बताता है कि सभी कर्मी सतर्कता अधिकारी हैं। उन्होंने निर्णयन प्रक्रिया में निवारक सतर्कता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सत्यनिष्ठ कर्मी संस्थान की पूँजी होते हैं। मैराथन प्रशिक्षण सतत ज्ञान वर्धन के साथ तकनीकी नवाचार के संयोजन के बल पर आत्मविश्वास के साथ कंपनी और राष्ट्र हित में साहसिक निर्णय लेने के लिए उपस्थित सभी को प्रेरित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में एनसीएल ने नेतृत्वकर्ता पैदा करने की नर्सरी के रूप में खुद को स्थापित किया है जो इसकी मजबूत कार्यसंस्कृति को परिलक्षित करता है।